This question paper contains 8+4 printed pages]

Your Roll No. ...............

2081

**D**

**LL.B./III Term.**

Paper LB-3033—TAXATION—I

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

(*Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.*)

*Note* :— Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी **या** हिंदी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

Attempt any *five* questions.

*All* questions carry equal marks.

किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।

1. (*a*) Whether Salami or premium received by lessor is taxable under Income Tax Act, 1961 ? Discuss.

(*b*) Assessee, a partner in a firm created a trust. By a settlement deed he assigned his profits of ten percent [right, title, interest (excluding capital)] in the firm to the trust. He claimed his income transferred to trust as diversion of income. Is he legally justified ? Discuss. 20

(*a*) क्या पट्टेदार द्वारा प्राप्त सलामी या प्रीमियम आयकर अधिनियम, 1961 के अन्तर्गत करयोग्य है ? विवेचन कीजिए ।

(*b*) किसी फर्म में भागीदार निर्धारिती ने एक न्यास का सृजन किया । एक समझौता विलेख द्वारा उसने फर्म में अपने दस प्रतिशत के लाभ (अधिकार) हक़दारी, ब्याज (पूँजी

छोड़कर) को न्यास के सुपुर्द कर दिया । उसने न्यास में अंतरित अपनी आय को आय के अपयोंजन होने का दावा किया । क्या वह विधिकत: न्यायोचित है ? विवेचन कीजिए ।

2. (*a*) What is an agricultural income under Income Tax Act, 1961 ? Discuss briefly with the help of case law.

(*b*) Discuss whether the following incomes constitute agricultural income ?

(*i*) Interest on arrears of rent in respect of agricultural land

(*ii*) Income from fisheries

(*iii*) Income derived by growing special quality of grass required for creating golf course. 20

(*a*) आयकर अधिनियम, 1961 के अन्तर्गत कृषीय आय क्या होती है ? निर्णयविधि की सहायता से संक्षेप में विवेचन कीजिए ।

(*b*) विवेचन कीजिए कि क्या निम्नलिखित आय कृषीय आय होती हैं :

(*i*) कृषीय भूमि सम्बन्धी किराये की बकाया राशि पर ब्याज ।

(*ii*) मछली उद्योग से हुई आय

(*iii*) गोल्फ का मैदान तैयार करने हेतु अपेक्षित विशेष श्रेणी की घास को उगाने से हुई आय ।

3. (*a*) Discuss the residential status of company under Income Tax Act, 1961.

(*b*) Arun, a citizen of India left India on 5-5-2000 for employment abroad. He did not came to India up to previous year 2009-10. During 2010–11 and 2011–

12 he visited India for 135 days and 198 days respectively. In the previous year 2012-13 he came to India on 7-5-2012 and left on 29-11-2012. Discuss his residential status for Assessment Year 2013-14 under Income Tax Act 1961. 20

(*a*) आयकर अधिनियम, 1961 के अन्तर्गत कम्पनी की आवासीय स्थिति का विवेचन कीजिए ।

(*b*) भारत के नागरिक अरुण ने विदेश में रोजगार हेतु 5–5–2000 को भारत छोड़ दिया । वह पिछले वर्ष 2009–10 तक भारत नहीं आया । 2010–11 और 2011–12 के दौरान उसने भारत का दौरा क्रमशः 135 दिनों तथा 198 दिनों तक किया । पिछले वर्ष 2012–13 वर्ष में वह 7–5–2012 को भारत आया तथा 29–11–2012 को यहाँ से चला गया । आयकर अधिनियम, 1961 के अन्तर्गत निर्धारण वर्ष 2013–14 हेतु उसकी निवासीय हैसियत का विवेचन कीजिए।

(*a*) Whether heads of income given in section 14 of Income Tax Act, 1961 are mutually exclusive ? Discuss.

(*b*) Anil, a businessman owns a residential building in Lajpat Nagar where he lives with his family. He also owns old house in Pahar Ganj which he has been unable to let out as it is unfit for human dwelling but he has put up hoardings on its roof and let them out for advertisement for various companies. Another house owned by him in Kamla Nagar is used by him for purpose of his business. Discuss his tax liability under head 'Income from house property' under Income Tax Act, 1961. 20

(a) क्या आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 14 में दिए गए शीर्ष परस्पर अनन्य हैं । विवेचन कीजिए ।

(b) कारोबारी व्यक्ति अनिल लाजपत नगर में एक आवासीय भवन का मालिक है जहाँ वह अपने परिवार के साथ रहता है । पहाड़ गंज में भी उसके पास एक पुराना मकान है जिसको वह किराये पर नहीं दे पाया क्योंकि वह मानव निवास हेतु अनुपयुक्त है किन्तु उसने मकान की छत पर होर्डिंग लगा रखे हैं तथा उन्हें विभिन्न कम्पनियों को विज्ञापनों हेतु किराये पर दे रखा है । कमला नगर में उसके स्वामित्व वाले मकान को उसके द्वारा अपने कारबार के प्रयोजन के लिए प्रयुक्त किया जाता है । आयकर अधिनियम, 1961 के अन्तर्गत 'गृह सम्पत्ति से आय' शीर्ष के तहत उसके कर-दायित्वों का विवेचन कीजिए ।

5. (*a*) When is a managing director of company taxable under the head 'salary' of Income Tax Act, 1961 for the remuneration he got from company ? Refer case law.

(*b*) Is the making or earning of Income essential requirement to admissibility of expenditure under Section 57 (*iii*) of Income Tax Act 1961 ? Discuss. 20

(*a*) किसी कम्पनी का प्रबन्ध निदेशक कम्पनी से उसे मिले पारिश्रमिक हेतु आयकर अधिनियम, 1961 के शीर्ष वेतन के अन्तर्गत कब करयोग्य होता है ? निर्णय विधि निर्दिष्ट कीजिए ।

(*b*) क्या आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 57 (*iii*) के अन्तर्गत व्यय की स्वीकार्यता के लिए आय का सृजन या अर्जन आवश्यक अपेक्षा है ?

6. Discuss whether the following expenditures are deductible under section 37 of Income Tax Act 1961 :

(*a*) Expenditure incurred by company for increase of its authorised share capital and issue of bonus shares.

(*b*) Amount paid by Jute Mill for purchase of loom hours

(*c*) Contribution given by assessee under sugarcane development scheme for construction of roads around his sugar manufacturing factory. 20

विवेचन कीजिए कि क्या निम्नलिखित व्यय आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 37 के अन्तर्गत कटौती योग्य हैं :

(*a*) कम्पनी द्वारा अपनी प्राधिकृत शेयर-पूँजी तथा बोनस शेयरों के निर्गम की बढ़ोत्तरी हेतु किया गया व्यय ।

(*b*) जूट मिल द्वारा करघा-घंटों के क्रय के वास्ते अदा की गई धनराशि ।

(c) गन्ना विकास योजना के तहत निर्धारिती द्वारा उसकी चीनी विनिर्मात्री फैक्टरी के इर्द-गिर्द सड़कों का निर्माण।

7\. (a) What is meant by bad debt ? Discuss with the help of decided cases and statutory provisions the conditions for claiming any sum to be deducted as 'bad debt' for purposes of Income Tax Act, 1961.

(b) Discuss the law laid down in N. Bagavathy Ammal V. CIT, JT 2003 (i) SC 363. 20

(a) डूबंत ऋण का क्या अभिप्राय है ? आयकर अधिनियम, 1961 के प्रयोजन हेतु 'डूबंत ऋण' के रूप में कटौती किए जाने वाली किसी भी धनराशि का दावा करने हेतु शर्तों का विवेचन विनिश्चित केसों तथा कानूनी उपबन्धों की सहायता से कीजिए ।

(b) *N. Bagavathy Ammal V. CIT, JT* 2003 (i) SC 363 में अधिकथित विधि का विवेचन कीजिए ।

8. Ajay holds 5000 out of 20,000 equity shares of Ambica Ltd. a company in which his wife Anita holding B.A. Degree is working as Finance Manager on a salary of 40,000 per month. Also Ajay gifted Rs. one lakh to his wife Anita. This amount was invested by her in debentures of IFCI.

The assessing officer clubbed the interest which Anita got from debentures and also salary which she received from Ambica Ltd. in the previous year 2012-13 in the total income of Ajay.

Discuss the justifiability or otherwise of computation done by the revenue department. 20

अम्बिका लिमिटेड कम्पनी में, जिसमें अजय की B.A. डिग्रीधारी पत्नी 40,000 रु. प्र. मा. के वेतन पर वित्त प्रबन्धक के रूप में कार्यरत है, अजय के पास उक्त कम्पनी के 20,000 इक्विटी शेयरों में से 5,000 शेयर हैं । अजय ने अपनी पत्नी अनिता को 1 लाख रुपए दान में भी दिए । पत्नी ने

उक्त धनराशि को आई एफ सी आई के डिबेन्चरों में निवेशित कर दिया ।

निर्धारण अधिकारी ने अजय की कुल आय में अनिता द्वारा डिबेन्चरों पर कमाए गए ब्याज तथा अम्बिका लिमिटेड से पिछले वर्ष 2012-13 में प्राप्त वेतन को इकट्ठा कर दिया ।

राजस्व विभाग द्वारा की गई गणना न्यायोचित है अथवा अन्यथा है—इसका विवेचन कीजिए ।